26/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी साझा की है कि, भारत की पुरुष रेगु टीम ने बिहार में आयोजित सेपाक टाकरो विश्व कप 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाकर इतिहास रचा है। टीम ने टूर्नामेंट में 7 पदक हासिल किए हैं। टीम को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई देते हुए श्री मीन ने अपने पोस्ट में कहा कि यह जीत हमारे एथलीट्स की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतीक है।

0000000000000000000

ईटानगर पुलिस द्वारा त्वरित और प्रभावी कार्रवाई में राज्य सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता विभाग के एक सलाहकार के अपहरण और उस पर हमले के मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना गत शनिवार की रात को हुई थी, जब पीड़ित सिविल सचिवालय से अपने आवास को लौट रहा था। शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, ईटानगर पुलिस ने दो पुरुष आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पीड़ित का मोबाइल फोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद लिया। एक विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले से संबंधित एक महिला को जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए कानूनी नोटिस जारी किया गया है और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

0000000000000000000

राज्य सरकार के कपड़ा और हस्तशिल्प कमिश्नर श्रीमति मिमुम तायेंग दारा राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य हथकरघा एक्सपो 2024-25 का आज डीके कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर में उद्घाटन किया। इस 12 दिवसीय एक्सपो का आयोजन राज्य सरकार के कपड़ा और हस्तशिल्प विभाग द्वारा किया जा रहा है और एनएचडीपी के तहत भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के विकास आयोग (हथकरघा) द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है। एक्सपो में लगभग 60 कारीगर और बुनकर भाग ले रहे हैं, जिनमें नागालैंड और असम के प्रतिभागी शामिल हैं।

00000000000000000000

हाइड्रो पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन अरुणाचल प्रदेश लिमिटेड द्वारा कल ईटानगर स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्बन न्युट्रेलिटी पर एक दिवसीय सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जागरूकता के साथ ही सस्टैनेबल प्रैक्टिसेस को बढ़ावा देना और कार्बन बाजार में राज्य की संभावनाओं का पता लगाना था। कार्येक्रम में कार्बन बाजार में राज्य की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया गया, जो राज्य में राजस्व सृजन के लिए नए अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में आईएफएस, मुख्य वन संरक्षक (पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन), क्रेड्यूस टेक्नोलॉजीज के एसोसिएट डायरेक्टर और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

00000000000000000000

राज्य में आज से सांगे लाह्देन स्पोर्ट्स अकादमी, ईटानगर में खेलो इंडिया अस्मिता ताइक्वांडो महिला सिटी लीग की शुरुआत हुई। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करते हुए सैतालीस महिला एथलीट्स द्वारा भाग लिया गया। इस लीग का आयोजन ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया और अरुणाचल ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। अरुणाचल ताइक्वांडो एसोसिएशन के प्रभारी डीएसओ सह तकनीकी निदेशक ताराक दोतांग लीग की देखरेख कर रहे हैं।

0000000000000000000000

एक अभिनव परियोजना के तहत काबू इको-टूरिज्म एंड कंजर्वेशन सोसाइटी द्वारा वेस्ट सियांग जिले के काबू गांव और काबू मासी गांव में अपनी पहली पर्यावरण-अनुकूल स्वच्छता सुविधा सफलतापूर्वक शुरू की है। सोसाइटी का उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को कम करना, उसका पुनः उपयोग करने को बढ़ावा देना है। इको-टूरिज्म विलेज को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित किया गया है और इसका नेतृत्व वेस्ट सियांग के एक युवा और गतिशील टूर ऑपरेटर हैं ग्रीन एंबेसडर लियूम लोई कर रहे हैं।

0000000000000000000

ओयान में आयोजित सेवा आपके द्वार 2.0 शिविर के तहत कल विभिन्न सरकारी सेवाओं से सिले-ओयान सर्कल के 750 से अधिक ग्रामीण लोग लाभांवित हुए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक निनोंग इरिंग ने सिले-ओयान के 150 से अधिक ग्रामीण प्रगतिशील किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी सौंपे।

उन्होंने विभिन्न विभागों की आवश्यक सरकारी सेवाओं को लोगों के घरों तक पहुंचाने की राज्य सरकार प्रतिबद्धत्ता के प्रति प्रसंनता व्यक्त की।

0000000000000000000

चुनाव आयोग ने आज नई दिल्ली में एक लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए पहली बार प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के सौ से अधिक बीएलओ, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के 24 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और 13 जिला चुनाव अधिकारी भाग ले रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव है और इस चुनाव को कराने के लिए चुनाव आयोग 10 लाख पचास हजार बूथ बनाता है। उन्होंने आगे बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक लाख से अधिक बीएलओ को प्रशिक्षित किया जाएगा।

0000000000000000